**भारत सरकार**
**जल शक्ति मंत्रालय**
**जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 436**
**जिसका उत्तर 24 जुलाई, 2023 को दिया जाना है।**

**.....**

# पूरे देश में 'रिवर फ्रंट'

**436. श्री धनंजय भीमराव महादिक:**

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास निकट भविष्य में महाराष्ट्र सहित पूरे देश में 'रिवर फ्रंट'विकसित करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार के पास अन्य नदियों के लिए भी ऐसे प्रस्ताव हैं; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**जल शक्ति राज्य मंत्री (श्री बिश्वेश्वर टुडु)**

**(क) से (ङ):** एक 100% केन्दीय योजना "राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन" के अंतर्गत तथा केन्द्र और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों के बीच लागत हिस्सेदारी के आधार पर राष्ट्रीय नदी संरक्षण कार्यक्रम (एनआरसीपी) के अंतर्गत नदियों की समग्र सफाई की परियोजनाएं शुरू की जाती हैं; जिसमें 'नदी तट विकास' से संबंधित परियोजनाओं के लिए एक समर्पित घटक होता है।

इस घटक के अंतर्गत नदी तट विकास, घाटों और शवदाहगृहों का विकास, वनीकरण और जैव विविधता संरक्षण, सार्वजनिक आउटरीच कार्यक्रम आदि से संबंधित कार्यों का अनुमोदन किया जाता है और उन्हें शुरू किया जाता है। एनआरसीपी और नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीकृत और पूर्ण किए गए नदी तट विकास कार्यों का राज्य-वार ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

इसके अलावा, मूला, मूथा और मूला मूथा नदियों के लिए 5500 करोड़ रुपए की एक नदी तट विकास परियोजना को मंजूरी दी गई है जिसे पुणे नगर निगम, महाराष्ट्र द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। उक्त परियोजना में, अन्य बातों के साथ-साथ, नदी संरक्षण की दिशा में एक प्रयास के रूप में नदी के दोनों किनारों पर मिट्टी के ढलान वाले तटबंध की परिकल्पना की गई है।

*****

**<u>अनुलग्नक</u>**

**'पूरे देश में रिवर फ्रंट' विषय पर दिनांक 24.07.2023 को राज्य सभा में उत्तर दिए जाने वाले <u>अतारांकित प्रश्न संख्या 436 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक</u>**

**(क) राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना (गंगा और इसकी सहायक नदियों को छोड़कर) के अंतर्गत शामिल किए गए नदी तटों के विकास का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा;**

| **क्र.सं.** | **राज्य** | **स्वीकृत घाटों की संख्या** | **पूरे किए गए घाटों की संख्या** |
|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 1 | 1 |
| 2 | तेलंगाना | 3 | 3 |
| 3 | जम्मू एवं कश्मीर | 1 | 0 |
| 4 | झारखंड | 3 | 3 |
| 5 | गुजरात | 1 | 1 |
| 6 | कर्नाटक | 9 | 9 |
| 7 | महाराष्ट्र | 3 | 3 |
| 8 | मध्य प्रदेश | 5 | 5 |
| 9 | ओडिशा | 2 | 2 |
| 10 | तमिलनाडु | 8 | 8 |
| 11 | केरल | 1 | 1 |
| **कुल** | | 37 | 36 |

(ख) नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल नदी तट विकास का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा;

| **क्र.सं.** | **राज्य** | **स्वीकृत घाटों की संख्या** | **पूरे किए गए घाटों की संख्या** |
|---|---|---|---|
| 1 | उत्तराखंड | 32 | 26 |
| 2 | उत्तर प्रदेश। | 110 | 101 |
| 3 | बिहार | 56 | 49 |
| 4 | झारखंड | 13 | 13 |
| 5 | पश्चिम बंगाल | 14 | 11 |
| 6 | मध्य प्रदेश | 3 | 0 |
| **कुल** | | 228 | 200 |

*****